प्रेस नोट **10/07/2024**

03 वांछित अभियुक्त तथा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 10.07.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना अभियुक के घर से मु0अ0सं0 211/24 धारा 3(5), 115(2), 110, 131, 352, 351(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्तगण सीमा पुत्री शंकर, सबनम पुत्री शंकर, नीलम पत्नी योगेश निवासीगण मालव पिटोखर थाना मुहम्मदाबाद तथा सरायलखन्सी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण अनारुल पुत्र सिद्दीक निवासी खालिसपुर, कमलेश पुत्र सुबाष साहनी निवासी भवनाथपुर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

आज दिनांक 10-07-2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई के उपरांत भ्रमण कर पुलिस लाईन मऊ स्थित सीसीटीएनएस/ आई0जी0आर0एस, फील्ड यूनिट सेल का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कार्यालय के साफ–सफाई, रजिस्टरों/अभिलेखों के रख–रखाव आदि तथा परिसर में भ्रमण कर साफ–सफाई इत्यादि का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाईन परिसर में भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।